स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 149, दिनांक 22–05–2024

अन्तर्राज्यीय वाहन चार गुड्डू वारसी गैंग के 04 सदस्य, 03 ट्रक एवं व कूटरचित दस्तावेजों सहित गिरफ्तार।

दिनांक– 22–05–2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को अन्तर्राज्यीय वाहन चोरी करने वाले गुड्डू वारसी गैंग के 04 सदस्यों को चोरी के 03 ट्रक एवं कूटरचित दस्तावेजों सहित जनपद बरेली से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई ।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः–

1– शराफत पुत्र मल्लू खां, निवासी सहदौरा किच्छा, थाना पुलभट्टा, जनपद ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड।

2– मुजाहिद पुत्र चाऊ खां, निवासी मोहनपुर, थाना कैण्ट, जनपद बरेली ।

3– शाकिर हुसैन पुत्र सहादत हुसैन, निवासी पदारतपुर,थाना बिथरी चौनपुर, जनपद बरेली।

4– अंजुम पुत्र अजीजउद्दीन निवासी शाहबाद दीवान खाना, थाना प्रेमनगर, जनपद बरेली।

बरामदगीः–

1– ट्रक नम्बर–यूपी–25–सीटी–4268

2– ट्रक नम्बर–यूपी–25–सीटी–1673

3– ट्रक नम्बर– यूपी–25–सीटी–1685

4– 04 अदद मोबाइल फोन

5– वाहनों के कूटरचित दस्तावेज।

गिरफ्तारी का स्थानः–भट्टा तिराहा, थाना हाफिजगंज जनपद बरेली। दिनांक–22–05–2024 समय–00:15 बजे।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वाहन चोरी के गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थीं। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री अब्दुल कादिर, पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाइ ´ बरेली के पर्यवेक्षण में उ0नि0 राशिद अली, मु0आ0 संदीप, मु0आ0 शिवओम पाठक, मु0आ0 नितिन, आ0 संजय यादव, मु0आ0 कमाण्डो विनोद कुमार एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली की एक टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय किया गया ।

अभिसूचना संकलन के दौरान जानकारी प्राप्त हुयी कि अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गुड्डू वारसी गैंग के 04 सदस्य भट्टा तिराहा हाफिजगंज, थाना हाफिजगंज, जनपद बरेली के पास चोरी के 03 ट्रक लिये खड़े हैं। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास करके उक्त स्थान से मुखबिर की निशानदेही पर उपरोक्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से उपरोक्त चोरी के 03 ट्रक व कूटरचित दस्तावेज बरामद किये गये ।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग उत्तराखण्ड राज्य के सितारगंज निवासी नवाब वारसी उर्फ गुड्डू वारसी उर्फ फिटवेल टेलर गैंग के सदस्य हैं। इन लोगों द्वारा चोरी के वाहनों पर एक्सीडेन्टल टोटल लॉस के इंजन नम्बर व चेसिस नम्बर खोदकर मणिपुर, राजस्थान, हरियाणा, नागालैण्ड व पंजाब से फर्जी एन0ओ0सी0 तैयार कर आर0टी0ओ0 कार्यालय में मिलीभगत कर रजिस्टर्ड कराकर मोटी रकम में बेच देते हैं या अपने पास रख लेते हैं। कुछ समय पश्चात् इन वाहनों को कबाड़ी से कटवाकर उनकी चोरी की रिपोर्ट पंजीकृत कराकर बीमा कम्पनियों से बीमा की रकम ले लेते हैं। अब तक इन लोगों द्वारा गुड्डू वारसी के साथ मिलकर लगभग UP 25 CT 6055, UP 25 CT 6157 , UP 25 DT 1539 , UP 25 CT 5965 , UP 25 DT 5032 , UP 25 DT 9450 ,UP 25 CT 3792 व UP 25 CT 0379 के अतिरिक्त 100 से अधिक गाड़ियों को फर्जी कागजात लगाकर मोटी रकम लेकर बेच दिया है व कुछ वाहनों को जनपद बरेली के बहेडी के एक कबाडी से कटवा दिया है।

फरार नवाब वारसी उर्फ गुड्डू वारसी निवासी सितारगंज, जनपद ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड गैंग का सरगना है तथा अन्तर्राज्यीय स्तर का शातिर वाहन चोर है। गुड्डू वारसी पर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व उ0प्र0 में वाहन चोरी के 02 दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना हाफिजगंज, जनपद बरेली पर मु0अ0सं0–171/2024 धारा 41/102 द0प्र0सं0 व धारा 411/413/414/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत कराकर दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना स्थानीय द्वारा की जा रही है।